अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2016
## (संस्कृत)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** विसर्ग का उच्चारण स्थान बताइए- **(1)**

(A) कण्ठ (B) तालु

(C) दन्त (D) ओष्ठ

**2.** 'एकोनचत्वारिंशत' शब्द का अर्थ है- **(1)**

(A) सैंतालिस (B) उनतालिस

(C) उनतीस (D) उनचास

**3.** 'चोरभयम्' में समास है- **(1)**

(A) तत्पुरुष समास (B) द्वन्द्व समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) द्विगु समास

**4.** भयार्थक तथा रक्षार्थक धातुओं के साथ विभक्ति का प्रयोग होता है- **(1)**

(A) चतुर्थी विभक्ति (B) षष्ठी विभक्ति

(C) पञ्चमी विभक्ति (D) द्वितीया विभक्ति

**5.** 'अहं बालक पश्यामि' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन होगा- **(1)**

(A) मया बालकः दृश्यते (B) मया बालक दृश्यते

(C) मया बालक दृश्यति (D) मया बालकः दृश्यति

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** वर्गों के पञ्चम् वर्ण माहेश्वर सूत्रों के किस क्रमांक के अन्तर्गत आते हैं? **(1)**

**7.** पितृ शब्द रूप पञ्चमी विभक्ति के तीनों वचनों में लिखिए। **(1)**

**8.** 'झलां जशोऽन्ते' किस सन्धि का सूत्र है, उसकी परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **(1)**

**9.** अस् धातु लङ् लकार का रूप उत्तम पुरुष के तीनों वचनों में लिखिए। **(1)**

**10.** 'अभि' उपसर्ग लगाकर कोई चार शब्द बनाइये। **(1)**

**11.** 'पश्यन्' शब्द में धातु एवं प्रत्यय लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** द्वन्द्व समास किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं? **(2)**

**13.** निम्नलिखित श्लोक का अर्थ बताइये- **(2)**

**14.** संस्कृत भाषा पर संस्कृत में चार वाक्य बनाइये। **(2)**

**15.** संस्कृत शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए किन किन श्रव्य दृश्य साधनों का उपयोग किया जा सकता हैं? **(2)**

**16.** कर्तृवाच्य को कर्मवाच्य में परिवर्तित करने का क्या नियम हैं, उदाहरण सहित बताइए। **(2)**

**17.** षष्ठी विभक्ति कारक विभक्ति क्यों नहीं मानी जाती। उदाहरण सहित समझाइये। **(2)**

**18.** निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए। **(2)**

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/sanskrit/2016

2. संस्कृत का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/sanskrit/

3. संस्कृत के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/sanskrit/

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN